गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहम्मद मकबूल डार): (क) जी हां, श्रीमान्।

(ख) और (ग) पटना जंक्शन पर अति विशिष्ट व्यक्तियों के लिए प्रतीत गृह की साज-सफाई, श्री अटल बिहारी वाजपेयी, भूतपूर्व प्रधानमंत्री और एस.पी.जी. की सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति के लिए उनके पटना जंक्शन पर 30.6.1996 की शाम को दौरा करने के संबंध में की गयी थी। यह एस.पी.जी. अधिकारी द्वारा कहा गया था। एस.पी.जी के अधिकारी को, जो एस.पी.जी. अधिनियम के अन्तर्गत अपनी ड्यूटी कर रहा था, माननीय संसद सदस्य की पहचान नहीं थी। तथापि एस.पी.जी. के सभी अधिकारियों को उपयुक्त रुप से ब्रीफकर दिया गया है।

वसन्त कुन्ज में व्याप्त असुरक्षा

832. **श्री सूर्यभान पाटील वहाडणे**: क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 'टाइम्स ऑफ इंडिया' अखबार के अनुपूरक 'डेली टाइम्स' में "देयर इज़ ए सेन्स ऑफ इनसिक्योरिटी इन वसन्त कुन्ज" शीर्षक से 14.10.97 को छपी खबर पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ख) क्या इस संबंध में कोई जांच की गई है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सरकार इस मामले की जांच किसी तीसरी एजेंसी को सौंपने परह विचार कर रही है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहम्मद मकबूल डार): (क) से (घ) चालू वर्ष के दौरान, वसंत कुंज के सैक्टर "ए" पाकेट "बी" और "सी" में लूटपाट के चार मामले सूचित हुए जिनमें से तीन मामले हल कर लिए गए और अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है, ऐसे अपराधों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए दिल्ली पुलिस ने क्षेत्र में अतिरिक्त कार्मिक तैनात किए हैं तथा क्षेत्र में घुमने-फिरने वाले अज्ञात व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जॉज कार्य किसी अन्य तीसरी एजेंसी को सौंपने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

Border dispute between Maharashtra and Karnataka

833. SHRI SURYABHAN PATIL VAHADANE: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) the steps taken by Government to examine various aspects concerning the issue to settle the Maharashtra-Karnataka Border dispute;

(b) whether Government consider and propose to hold and opinion poll in the Border areas to know the wishes of the people;

(c) if so, by when;

(d) if not, the reasons therefor; and

(e) by when the border dispute is likely to be settled?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI MOHD. MAQBOOL DAR): (a) The boundary dispute between Maharashtra and Karnataka has been pending ever since the reorganisation of States in 1965. The Government of India had, in 1966, appointed the Mahajan Commission to look into this issue. While the Government of Karnataka accepted the recommendations made by the Commission in toto, the Government to Maharashtra rejected the same. The Government of India had also convened meetings with the concerned State Chief Ministers to resolve the issue but the differences are still persisting.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

(d) and (e) The Government of India is of the view that the dispute is to be resolved primarily by the State Governments concerned through discussions and mutual accommodation, and it would be too glad to render any assistance to them in this regard.

लापता महिलायें

834. **श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) विवाहित महिलाओं के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने की घटनाओं पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया हैं

(ख) क्या विवाहित महिलाओं की उनके ससुराल वालों द्वारा यातनायें दिये जाने की घटनाओं के समाचार मिलें हैं,

(ग) यदि हां, तो वर्ष 1996-97 के दौरान और अब तक लापता हुई महिलाओं का राज्य-वार ब्यौरा क्या है,